प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 117/2019)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

विषयः नीति, विनियम और विकास में क्षमता निर्माण और सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों को साझा करना – आसियान देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।

18 नवंबर, 2019, नई दिल्ली – भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) 18 से 22 नवंबर, 2019 तक दिल्ली, भारत में "नीति, विनियम और विकास में क्षमता निर्माण और सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों को साझा करना" पर 5 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आसियान देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे, जो ब्रुनेई, लाओ पीडीआर, म्यांमार, कंबोडिया, वियतनाम, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आज इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. आर.एस. शर्मा, अध्यक्ष, भादूविप्रा ने श्री एच. प्रदीप राव, सदस्य (भादूविप्रा), श्री अंशु प्रकाश सचिव, दूरसंचार विभाग और दूरसंचार विभाग, भादूविप्रा और अन्य सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में किया।

आसियान देशों के दूरसंचार आईटी मंत्रियों ने सभी सदस्य देशों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी को बढ़ाने और मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया था। संवाद सहयोगी के रूप में, भारत आसियान आईसीटी मास्टर प्लान (एआईएम) 2020 के तहत विभिन्न परियोजनाओं में सहायता कर रहा है। भारत हर साल आसियान देश के दूरसंचार मंत्रियों की बैठकों और दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठकों में भाग लेता है। आसियान आईसीटी मास्टर प्लान (एआईएम) 2020 के फोकस के क्षेत्रों में से एक 'मानव संसाधन विकास' है और भारत ने आसियान के सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की है और भादूविप्रा ने विदेश मंत्रालय और दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के सहयोग से इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए सहमति व्यक्त की है ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य मौजूदा मुद्दों और चुनौतियों के समाधान के साथ–साथ नीति, विनियमन और विकास में सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करने के संभावित समाधानों पर वास्तविक अनुभवों और विचारों को साझा करना है। पाठ्यक्रम में नीतिगत और विनियामक विकल्पों पर चर्चा की जाएगी ताकि नवाचार को प्रोत्साहित किया जा सके और उपभोक्ता विकल्पों का समाधान किया जा सके। प्रशिक्षण को आसियान के सदस्य देशों के दूरसंचार/आईसीटी नीति–निर्माताओं, नियामकों के मध्यम और वरिष्ठ स्तर के प्रबंधकों के लिए तैयार किया गया है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के इन पांच दिनों के दौरान 15 सत्र आयोजित किए जाएंगे और प्रशिक्षुओं को दूरसंचार विनियम के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जाएगा। सत्र नई तकनीकों के विकास, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं के अभिसरण, अतिव्यापी मुद्दों के विभिन्न क्षेत्रीय नियामकों के नियामक कार्यों को संतुलित करने, सर्वोत्तम वैश्विक पद्धतियों आदि के कारण पेश आ रही नियामक चुनौतियों का अध्ययन करेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का चयन और तैयार करने में, भादूविप्रा का प्रयास मैक्रो स्तर की नीति के लिए विविध कौशल प्रदान करना और नीतियों के कार्यान्वयन और निगरानी के लिए प्रासंगिक तकनीकी–आर्थिक परिचालन विवरणों को संभालना है। यह प्रशिक्षण इस प्रयास के अनुरूप है और प्रतिभागी अगले 5 दिनों में हासिल किए गए कौशल और ज्ञान का उपयोग करके अपने संबंधित देशों में इसके विनियमन की प्रक्रिया में सुधार कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के वक्तागण दूरसंचार क्षेत्र में अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं तथा नीति निर्माता, नियामक, उद्योग और शिक्षा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय वक्ता भी हैं जो विकासशील प्रौद्योगिकियों की चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम पद्धतियों को प्रस्तुत करेंगे।

भादूविप्रा आसियान सदस्य देशों के अधिकारियों के लिए इस तरह के क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को हर साल आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अधिक जानकारी के लिए, श्री जोसेफ मनोहरन, उप–सलाहकार (अंतर्राष्ट्रीय संबंध), भादूविप्रा टेलीफोन नंबर + 91–11–2366421 (कार्यालय), ईमेलः irdivision@trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

(एस. के. गुप्ता)

सचिव, भादूविप्रा

अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।